छात्र एजेंडा /प्लैनर्ज़

छात्र एजेंडा/ प्लैनर्ज़ आपके बच्चे की ज्ञान प्राप्ति में आपकी सहायता कर सकते हैं। वे आप को निम्न लिखित जानकारी प्रदान करते हैं:

- आपका बच्चा क्या पढ़ रहा है।

- आपके बच्चे के नियत कार्य और देय तिथियाँ।

- शिक्षक का वैयक्तिक विकास दिन (प्रोफेशनल डे) और अन्य दिनों का ब्यौरा जब स्कूल सत्र में नहीं है।

- आपके बच्चे के शैक्षणिक और व्यक्तिगत लक्ष्य और गतिविधियों, और उन लक्ष्यों तक पहुँचने की ओर उसकी प्रगति।

छात्र एजेंडा / प्लैनर्ज़ शिक्षकों और माता पिता को भी छात्र की प्रगति के बारे में संपर्क स्थापित रखने में मदद करते हैं।

प्रतिदिन स्कूल के बाद कृपया अपने बच्चे की एजेंडा/ प्लैनर को अवश्य देखें।

VSB

“Student Agendas and Planners”

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएज़ों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

छात्र एजेंडा और प्लैनर्ज़

वे क्या हैं? उनका कैसे उपयोग किया जाता है?

छात्र एजेंडा (कार्य-सूची) / प्लैनर्ज़ नियोजक

छात्र एजेंडा (कार्य-सूची) / प्लैनर्ज़ (नियोजक) क्या हैं?

छात्र एजेंडा / प्लैनर्ज़ छात्रों के लिए एक विस्तारित कैलेंडर के समान हैं। वे अक्सर चौथी कक्षा से इस्तेमाल में लाये जाते हैं। छात्र अपने कार्य को व्यवस्थित करने, देय तिथिओं को अंकित करने और अपने शैक्षिक और निजी लक्ष्यों और गतिविधियों को सुनियोजित करने में उन का उपयोग करते हैं। शिक्षक और माता पिता द्वारा भी छात्र एजेंडा / नियोजक एक दूसरे के साथ संपर्क रखने के लिए उपयोग किया जाता है।

छात्र एजेंडा / प्लैनर्ज़ में अक्सर निम्न लिखित सम्मिलित होते हैं:

- स्कूल के लक्ष्य।
- स्कूल द्वारा बनाई हुई अपेक्षित आचरण / व्यवहार की नियमावली (कोड)।
- छात्र समय सारिणी / कार्यक्रम.
- उपस्थिति पर टिप्पणी (नोट)।
- महत्वपूर्ण स्कूल बोर्ड / स्कूल नीतियां।
- स्कूल की गतिविधियों (जैसे की क्लबों और खेलों के कार्यक्रम)।
- एक सही संदर्भ सूची लिखने के लिए जानकारी।
- वार्षिक कैलेंडर जिसमें कैनेडा की महत्वपूर्ण छुट्टियां अंकित होती हैं।
- नियत कार्य और निर्धारित तिथियाँ अंकित करने के लिए स्थान.

छात्र एजेंडा / प्लैनर्ज़ के अंतर्गत अक्सर निम्न लिखित भी सम्मिलित हो सकते हैं:

- कैनेडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के नक्शे।
- दुनिया के महाद्वीपों के नक्शे और देशों की राजधानियां।
- रसायन शास्त्र आवर्त सारणी।
- व्याकरण का ज्ञान।
- गणित के पहाड़ा।
- आमतौर पर गलत लिखे जाने वाले शब्दों की एक सूची।
- छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने के लक्ष्यों (शैक्षणिक और व्यक्तिगत) तक पहुँचाने की नीतियाँ।
- महत्वपूर्ण टेलीफोन नंबर लिखने के लिए स्थान।